सुविचार

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।

दैनिक

# पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ






वर्ष : 1 | अंक : 35 | पंचकूला। वीरवार, 12 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## एक नजर

### सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार इच्छामृत्यु की इजाजत दी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इच्छामृत्यु मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने 13 साल से कोमा में रह रहे 31 साल के युवक हरीश राणा को इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की मंजूरी दे दी। गाजियाबाद के रहने वाले हरीश लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं। देश में इस तरह का यह पहला मामला है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे। पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके।

### फुकेत एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में आई खराबी

**नई दिल्ली, 11 मार्च।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान को बुधवार को थाईलैंड के फुकेत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ा, जिसके कारण एयरपोर्ट पर कुछ समय के लिए उड़ानों का संचालन रोक दिया गया। एयरलाइन ने बताया कि हैदराबाद से फुकेत जा रही उसकी फ्लाइट में लैंडिंग के बाद विमान के नोज व्हील (आगे के पहिये) में समस्या आ गई। यह फ्लाइट आईएक्स-938 है, जिसने राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, हैदराबाद से उड़ान भरी थी और फुकेत जा रही थी। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपने बयान में पुष्टि करते हुए कहा कि 11 मार्च को फुकेत एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद विमान के नोज व्हील में तकनीकी दिक्कत सामने आई।

### तरनजीत सिंह संधू बने दिल्ली के एलजी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी पंजाब के सीनियर नेता दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर के तौर पर तरनजीत सिंह संधू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। यह समारोह एक शानदार माहौल में हुआ, जो संधू के लिए पब्लिक सर्विस में अपनी नई जिम्मेदारी संभालने का एक अहम पल था। राधा स्वामी सत्संग संस्था ब्यास के हेड बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों भी समारोह में मौजूद थे।

# एलपीजी सिलेंडर लेने के लिए लोगों में मची होड़

## मिडिल ईस्ट में तनाव का अब भारत में भी दिखने लगा असर

पंचकूला ऑब्जर्वर




**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रही जंग का असर भारत में भी दिखने लगा है। युद्ध के चलते तेल-गैस आयात में रुकावट आ गई है। जिसके बाद देशभर से गैस सिलेंडर की किल्लत होने की खबरें आ रही हैं। नोएडा में सिलेंडर के लिए गैस एजेंसी के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगी हुई हैं।

दिल्ली-मुंबई जैसे शहरों के होटलों में हड़कंप मचा हुआ है। गैस की कमी के कारण कई होटल-रेस्तरां पर ताले लटक गए हैं, वहीं कई होटलों में खाना महंगा हो गया है। आज यानी बुधवार को LPG की कमी की खबरों के बीच नोएडा के सेक्टर 63 में एक गैस एजेंसी के बाहर लंबी लाइन देखी गई। इस दौरान लोगों ने बुकिंग न होने, गैस सिलेंडर न मिलने की शिकायत की।

एक स्थानीय ने कहा, बहुत सारी दिक्कतें हैं। हमें गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। हम सिलेंडर की बुकिंग नहीं कर पा रहे हैं। कोई भी गैस एजेंसी पर फोन नहीं उठा रहा है। मैं किराए पर रहता हूं, खाना कैसे बनाऊंगा। गैस सिलेंडर के दाम भी बढ़ा दिए गए हैं।

**पंजाब में घरेलू सिलेंडरों की भी बुकिंग बंद :** लुधियाना और फरीदकोट में सर्वर डाउन होने के कारण घरेलू सिलेंडरों की बुकिंग भी नहीं हो पा रही है। इसके अलावा फरीदकोट, होशियारपुर और पटियाला समेत कई जिलों में सोमवार से कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई बंद है।

### रसोई गैस की आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता

देश में एलपीजी की आपूर्ति को लेकर चिंताओं के बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि घरेलू उपभोक्ताओं को सबसे पहले गैस उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि अन्य क्षेत्रों को सीमित आपूर्ति की जा रही है। सरकारी तेल कंपनी Bharat Petroleum ने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक हालात और एलपीजी आयात पर लगी पाबंदियों के कारण सप्लाई को सावधानी से वितरित किया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक गैस पहुंचाई जा सके। कंपनी के अनुसार फिलहाल घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। वहीं होटल, रेस्टोरेंट और अन्य वाणिज्यिक क्षेत्रों की मांग का आकलन एक संयुक्त समिति कर रही है। गैस वितरण को लेकर एक उच्चस्तरीय समिति बनाई गई है। यह समिति विभिन्न सेक्टरों से आने वाली मांगों की समीक्षा कर रही है और जरूरत और तात्कालिकता के आधार पर गैस सिलेंडरों का आवंटन किया जा रहा है।

### इधर, ईरान ने इजराइल अमेरिकी ठिकानों पर दागीं बैलिस्टिक मिसाइलें

हाल ही ईरान ने दावा किया है कि उसने इजराइल के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा हमला शुरू कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने इजराइल और मिडिल ईस्ट में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। ईरानी मीडिया की एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईरान अमेरिकी टेक कंपनियों के दफ्तरों और डेटा सेंटर्स को भी निशाना बना सकता है। संभावित टारगेट की सूची में गूगल, अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, IBM और ओरेकल जैसी कंपनियों के नाम बताए गए हैं। इजराइल, दुबई और अबू धाबी में मौजूद इन कंपनियों के ऑफिस और डेटा सेंटर भी निशाने पर हो सकते हैं। इस बीच हस्ष्ट आज एक प्रस्ताव पर वोटिंग करने वाली है। इसमें ईरान से कहा गया है कि वो बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, श्व और जॉर्डन पर हमले बंद करे। होर्मुज स्ट्रेट में थाईलैंड के एक कार्गो जहाज पर हमला हुआ है। ओमान के पास चल रहे इस जहाज को प्रोजेक्टाइल से निशाना बनाया गया, जिसके बाद थाई नौसेना ने बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारियों के मुताबिक थाई झंडे वाला बल्क कैरियर मयूरी नारी ओमान के उत्तर में करीब 11 नॉटिकल मील (करीब 18 किमी) दूर यात्रा कर रहा था, तभी उस पर हमला हुआ।




### इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी ने संसद में कहा, न तो हम जंग में शामिल और न इससे अलग-थलग



**रोम, 11 मार्च।** मध्य पूर्व के हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। पूरी दुनिया इसे लेकर फिक्रमंद है। इस बीच, यूरोपीय देश गल्फ देशों की मदद करने को तो तैयार हैं लेकिन अमेरिका के साथ रिश्तों को लेकर सशंकित भी। इटली भी उनमें से एक है। प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने अपनी संसद में कहा है कि वह न तो युद्ध में शामिल हैं और न इससे पूरी तरह अलग-थलग हैं। सीनेट में मेलोनी ने कहा, यह सरकार न तो दूसरों के फैसलों में भागीदार है, न ही यूरोप में अलग-थलग है, और न ही इस संकट के नागरिकों और व्यवसायों पर पड़ने वाले आर्थिक परिणामों के लिए जिम्मेदार है। हाल के दिनों में मैंने जो कुछ भी सुना है, वे इस संवेदनशील भू-राजनीतिक क्षेत्र में हमारी प्रतिबद्धता के साथ न्याय नहीं करते हैं, जिसे हमने हाल के दिनों में और तेज कर दिया है।

## प्राइमरी स्कूल गार्डन में प्रथम सतलुज पब्लिक स्कूल ने मारी बाजी

पंचकूला ऑब्जर्वर





**पंचकूला।** शहर में आयोजित वसंत उत्सव-2026 के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ गार्डन प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इसमें चंडीमंदिर कैंट क्षेत्र, पंचकूला शहर, स्कूल परिसर, सेक्टर पार्क और इंडस्ट्री वर्ग शामिल रहे।

चंडीमंदिर कैंट क्षेत्र (बेस्ट गार्डन) एफ-1 (2 कनाल और उससे अधिक) में प्रथम ङ्क मेजर जनरल हरकिरत सिंह, सीएच-9 कमांड हॉस्पिटल चंडीमंदिर,

एफ-2 (1 कनाल हाउस) में प्रथम ङ्क मेजर जनरल रणजीव सिंह सैनी, पाइन-1 चंडीमंदिर, एफ-3 (14 मरला हाउस) प्रथम - ब्रिगेडियर पवन ढुल, ष्ठा-70/3, हॉस्प ऑफिसर कॉम्प्लेक्स चंडीमंदिर, एफ-5 (14 मरला से कम हाउस) प्रथम देबमित्रा ए. पाल, स्र179/4, एफएएफए कालोनी, सेक्टर-ए चंडीमंदिर,

(स्कूल परिसर - प्राइमरी)

प्रथम - एपीएस प्राइमरी विंग, चंडीमंदिर (स्कूल परिसर - सेकेंडरी) प्रथम - आर्मी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-डी, चंडीमंदिर कैंट

(सरकारी / निजी संस्थान द्वारा रखरखाव)

प्रथम - श्रिंगेश ऑफिसर्स मेस, हैड क्वार्टर वेस्टर्न कमांड

द्वितीय - एडमिन ब्लॉक गार्डन, कमांड हॉस्पिटल चंडीमंदिर केओआई चंडीमंदिर

तृतीय - शक्ति द्वार, चंडीमंदिर कैंट पंचकूला शहर (बेस्ट गार्डन)

(2 कनाल और उससे अधिक) प्रथम - शरद कुमार, सेक्टर-6, द्वितीय - डॉ. वी.के. आर्या, सेक्टर-6, तृतीय - रेखा ललित, सेक्टर-8, 1 कनाल हाउस में प्रथम - अजय भोला, सेक्टर-6, द्वितीय - नवीन, सेक्टर-4, तृतीय - आरती महाजन, सेक्टर-8,

14 मरला हाउस में प्रथम मोनिका व धर्मिंदर अब्रोल, सेक्टर-12, द्वितीय सगीता, सेक्टर-4, तृतीय बीना आहूजा, सेक्टर-21, 14 मरला से कम हाउस में प्रथम - आशा मौदगिल, सेक्टर-12, द्वितीय सुनीता सरीन, सेक्टर-15, तृतीय उत्तम चंद, सेक्टर-16, राउंडअबाउट - संस्थाओं द्वारा रखरखाव में प्रथम - जे.पी.ए. टॉडलर्स वर्ल्ड स्कूल, सेक्टर-10, स्कूल श्रेणी (पंचकूला) में प्राइमरी स्कूल गार्डन में प्रथम - सतलुज पब्लिक स्कूल, सेक्टर-2, द्वितीय हंसराज पब्लिक स्कूल, सेक्टर-6, टिंकरबेल पब्लिक स्कूल, सेक्टर-8, सेकेंडरी स्कूल गार्डन में प्रथम - गुरुकुल स्कूल, सेक्टर-20, द्वितीय सेंट सोल्जर स्कूल, सेक्टर-16, भवन विद्यालय, सेक्टर-15 रहा। सेक्टर पार्क (सोसाइटी द्वारा रखरखाव में प्रथम - हरमन सिंह, सेक्टर-12, द्वितीय सुरेंद्र सिंह, पार्क नं. 2614 सेक्टर-26 (हाउसिंग बोर्ड), पार्क देव सोसाइटी (अजय शर्मा), सेक्टर-7, सरकारी / निजी संस्थान में प्रथम - पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, सेक्टर-1 पंचकूला, द्वितीय गुरुद्वारा श्री कोहनी साहिब, एमडीसी-4, वी.के. सरीन, सेक्टर-15 पार्क कमेटी रहा।

## हमारी सरकार ने मछुआरों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई नीतियां बनाई : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

पंचकूला ऑब्जर्वर



**कोच्चि।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के कोच्चि में अखिल केरल धीवर सभा के स्वर्ण जयंती सम्मेलन में भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 50 वर्षों में धीवर सभा ने मछुआरा समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, मलयाली लोग लंबे समय से केरल का नाम बदलकर केरलम रखने की मांग कर रहे थे। केंद्र में एनडीए सरकार द्वारा इसे मंजूरी मिलने के बाद मैं आप सभी के चेहरों पर खुशी देख सकता हूं। इस खूबसूरत राज्य को मलयाली संस्कृति के अनुसार उसका उचित नाम मिल गया है। मैं केरलम के लोगों को बधाई देता हूं।

पीएम मोदी ने कहा, हमें मत्स्य पालन में नई संभावनाओं को साकार करने और मछुआरों के जीवन स्तर में सुधार करने की आवश्यकता है। समुद्र से संबंधित अर्थव्यवस्था केवल पारंपरिक मछली पकड़ने तक ही सीमित नहीं है। मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में भी नए अवसर उभर कर सामने आए हैं। केरल में आई विनाशकारी बाढ़ के दौरान पूरे देश ने मछुआरा समुदाय के प्रयासों को देखा। आपने फंसे हुए लोगों को बचाया और जरूरतमंदों तक आवश्यक सामग्री पहुंचाई। इसीलिए पूरा देश मछुआरा समुदाय के साहस, सेवा और समर्पण को सम्मानपूर्वक याद करता है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारा संकल्प है कि केरलम के प्रत्येक परिवार तक समृद्धि पहुंचे और केरलम की अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे। पिछली सरकारों ने दशकों तक मछुआरा समुदाय की उपेक्षा की। लेकिन अब एनडीए सरकार उनकी प्रगति और क्षमताओं को असीमित स्तर तक बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सीएम नायब सैनी कल पंचकूला में वसंत उत्सव-2026 का करेंगे शुभारंभ

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 11 मार्च।** पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण (पीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के. मकरंद पांडुरंग ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सेक्टर-5 स्थित टाउन पार्क में 13 से 15 मार्च तक आयोजित होने वाले वसंत उत्सव-2026 की तैयारियों की समीक्षा के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त सतपाल शर्मा भी उपस्थित रहे।

सीईओ के. मकरंद पांडुरंग ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 13 मार्च को मुख्य अतिथि के रूप में वसंत उत्सव-2026 का शुभारंभ करेंगे, जबकि 15 मार्च को समापन समारोह में हरियाणा के मुख्य सचिव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि तीनों दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उत्सव का सफल आयोजन किया जाए। पीएमडीए की ओर से अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी को इस तीन दिवसीय उत्सव का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सीईओ के. मकरंद पांडुरंग ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और नगर निगम को कार्यक्रम स्थल तथा आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को उत्सव के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने को कहा गया। जनस्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग और नगर निगम पंचकूला को पर्याप्त संख्या में मोबाइल शौचालय उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि उत्सव के दौरान कानून-व्यवस्था और वाहनों की पार्किंग व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग द्वारा पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। वहीं, फूड स्टॉल्स पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जिम्मेदारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी की रहेगी। उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा ने जिला सचिवालय के सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन के सहयोग से वसंत उत्सव का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा और इसके लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

बताया गया कि वसंत उत्सव-2026 के दौरान कई आकर्षक प्रतियोगिताएं और गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 13 मार्च को रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, फेस पेंटिंग, टेक्सटाइल कार्टोग्राफी, टैटू पेंटिंग और एनवायरमेंटल क्विज, 14 मार्च को मेहंदी प्रतियोगिता, मोनो एक्टिंग, हास्य कवि सम्मेलन, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और डुएट डांस प्रतियोगिता और 15 मार्च को बेबी शो, फैशन शो, पॉट पेंटिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, सेल्फी प्रतियोगिता, सोलो सिंगिंग और फोक डांस प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

## जीवन में गुरु का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण : शक्तिपुरी

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पंचकूला।** माता मनसा देवी मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन साध्वी शक्तिपुरी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को गुरु की महिमा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में गुरु का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि गुरु ही मनुष्य को ज्ञान, भक्ति और सही मार्ग की ओर अग्रसर करते हैं। श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

कथा के दौरान साध्वी जी ने सूर्यवंशी की कथा के माध्यम से भगवान श्री राम के जन्म का प्रसंग सुनाया और बताया कि प्रभु श्री राम का अवतार धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के लिए हुआ था। उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म का वास्तविक अर्थ समझाते हुए बताया कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि सत्य, करुणा, सेवा और सदाचार का पालन करना ही सच्चा धर्म है।

साध्वी शक्तिपुरी जी ने अपने प्रवचन में धर्म के विभिन्न स्वरूपों की भी चर्चा की और वेदों के उदाहरणों के माध्यम से सनातन संस्कृति की महिमा का वर्णन किया। कथा में आगे चंद्रवंश की कथा का भी विस्तार से वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इस अवसर पर बलवीर सिंह, सुरेश कुमार, घनघस, रंजीत सैनी भगवानपुर, राजेंद्र कौर, रमणीक कृष्ण महाराज, अजय राम मिश्रा, राजेश शास्त्री, मनसा देवी मंदिर पुजारी, भारत सिंह, पिंकी दनोदा सहित अन्य उपस्थित रहे।

**गिरावट**

### मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के चलते शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

## निवेशकों के एक दिन में डूबे 3 लाख करोड़, सेंसेक्स 1,342 अंक गिरा

पंचकूला ऑब्जर्वर



**मुंबई, 11 मार्च।** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया, जिसके चलते भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क एक दिन की तेजी के बाद बुधवार को फिर से गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए।

कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 1.72 प्रतिशत या 1,342.27 अंक की गिरावट के साथ 76,863.71 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी50 1.63 प्रतिशत या 394.75 अंक गिरकर 23,866.85 पर बंद हुआ।

व्यापक बाजार की बात करें तो निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 1.25 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.36 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

सेक्टरवार देखें तो, निफ्टी ऑटो सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला क्षेत्रीय सूचकांक बनकर उभरा, जिसमें 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज और निफ्टी प्राइवेट बैंक का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा।

इसके विपरीत, निफ्टी फार्मा क्षेत्रीय सूचकांकों में सबसे अधिक मुनाफे वाला सूचकांक रहा। वहीं, निफ्टी ऑयल एंड गैस और निफ्टी हेल्थकेयर सूचकांक भी बढ़त के साथ बंद हुए। बुधवार के कारोबारी सत्र में निवेशकों में सतर्कता बनी रही, जिसके चलते सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में 1.5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली।

### कच्चा तेल 88 डॉलर पर आया

ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई हैं। ब्रेंट क्रूड करीब 0.25 प्रतिशत गिरकर 88 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं अमेरिकी तेल भी 83 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गया है।

### एशियाई बाजारों में तेजी

साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 1.40 प्रतिशत चढ़कर 5,609 के स्तर पर बंद हुआ। जापान का निक्केई 776 अंक या 1.43प्रतिशत च?कर 55,025 के स्तर पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 61 अंक या 0.24प्रतिशत गिरकर 25,898 पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 10 अंक या 0.25 प्रतिशत ऊपर 4,133 पर बंद हुआ। उधर, डाउ जोन्स 34 अंक (0.07 प्रतिशत ) गिरकर 47,706 के स्तर पर बंद हुआ। टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 0.005 प्रतिशत बढ़कर 22,697 पर बंद हुआ। S&P 500 इंडेक्स 14 अंक (0.21 प्रतिशत ) गिरकर 6,781 पर बंद हुआ।

# विपक्ष की नाराजगी महिलाओं को 1000 रुपये देने के फैसले से : मान

- कहा- अगर विपक्ष को गरीबी का पता होता तो महिलाओं को 1000 रुपये देने का विरोध न करते
- विपक्ष को पता है कि साल 2027 में भी भगवंत सिंह मान की सरकार आएगी, इसलिए बजट चर्चा से गैर-हाज़िर रहे

## पंजाब विधानसभा का बजट सत्र, विपक्ष पर बरसे मुख्यमंत्री



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 11 मार्च।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि विपक्षी दलों ने बजट पर चर्चा में हिस्सा इसलिए नहीं लिया क्योंकि वे महिलाओं को 1,000 रुपये देने के ऐतिहासिक फैसले का सामना करने से बचना चाहते थे। उन्होंने कहा कि दशकों तक लोगों को गरीबी में धकेलने वाली पारंपरिक पार्टियां अब आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा आम परिवारों को सशक्त बनाने की पहल से घबरा गई हैं। पंजाब सरकार के पांचवें वार्षिक बजट को शहीदों के सपनों का बजट बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट शहीद भगत सिंह और शहीद उधम सिंह जैसे महान शहीदों के सपनों को साकार करने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने चार वर्षों में अपनी सभी चुनावी गारंटियां पूरी कर दी हैं और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए भी विकास का स्पष्ट एजेंडा तैयार है।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पेश किए गए बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने चार वर्षों में अपनी सभी चुनावी गारंटियां पूरी की हैं। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों के घोषणापत्र महज औपचारिकता होते थे, लेकिन आम आदमी पार्टी की सरकार ने बजट को एक पवित्र दस्तावेज मानते हुए जनता से किए हर वादे को पूरा किया है।

मुख्यमंत्री ने जन-हितैषी बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि यह बजट उन लोगों के लिए तैयार किया गया है जिनकी प्रगति में आर्थिक कमजोरी बाधा बनती रही है। उन्होंने बताया कि बजट में 97 प्रतिशत महिलाओं को मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना का लाभ देने, 40 लाख परिवारों को 'मेरी रसोई योजना' के तहत राशन उपलब्ध कराने और 10 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही महिलाओं को 1,000 से 1,500 रुपये देने की घोषणा की गई, विपक्षी दल घबरा गए और सदन से बहिष्कार कर चले गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर विपक्ष को गरीबी की वास्तविकता का पता होता तो वे इस योजना का विरोध नहीं करते।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक सरकारों ने पंजाब के विकास को नुकसान पहुंचाया और जनता को चुनावों में पैसे और शराब बांटकर वोट हासिल किए। उन्होंने कहा कि विपक्ष पहले दावा करता था कि भगवंत सिंह मान एक साल भी मुख्यमंत्री नहीं रह पाएंगे, लेकिन अब चार साल पूरे होने के बाद भी वही मुख्यमंत्री हैं और 2027 में भी उनकी सरकार ही बनेगी।

### पिछली सरकारों के बजट केवल गलियों और नालियों तक सीमित रहते थे

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों के बजट केवल गलियों और नालियों तक सीमित रहते थे, जबकि उनकी सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े बदलाव कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में युवाओं को डॉक्टर बनने का अवसर देने के लिए होशियारपुर, कपूरथला, संगरूर, शहीद भगत सिंह नगर, लहरागागा, मलेरकोटला और लुधियाना में सात नए मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं, जिनसे एमबीबीएस की लगभग 600 सीटें बढ़ेंगी। उन्होंने बताया कि राज्य में चल रहे 881 आम आदमी क्लीनिकों में अब तक 5 करोड़ से अधिक ओपीडी दर्ज की जा चुकी हैं, जो स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों के बढ़ते भरोसे को दर्शाती हैं।

### कुओं में भूजल स्तर 0 से 4 मीटर तक बढ़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नहरों के माध्यम से टेलों तक पानी पहुंचाने के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। सेंट्रल ग्राउंड वॉटर बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार पंजाब के 57 प्रतिशत निगरानी कुओं में भूजल स्तर 0 से 4 मीटर तक बढ़ा है। उन्होंने बताया कि गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग बहादुर विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय स्थापित किया जा रहा है। वहीं गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व के आयोजन के लिए बजट में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### कपिंजाब पुलिस में 10 हजार नए पद सृजित किए जाएंगे

युवाओं को रोजगार देने के लिए पंजाब पुलिस में 10,000 नए पद सृजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार अब तक करीब 64,000 युवाओं को सरकारी नौकरियां दे चुकी है। इसके अलावा होशियारपुर में सरदार बहादुर अमीन चंद आर्मड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट बनकर तैयार हो चुका है, जहां इस वर्ष से दाखिले शुरू होंगे।

# केंद्र की असफल विदेश नीति पर पंजाब विधानसभा में प्रस्ताव पेश

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 11 मार्च।** देश भर में उभर रहे गैस और ऊर्जा संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पंजाब विधानसभा में आज विदेश नीति में केंद्र सरकार की असफलता और देश की ऊर्जा सुरक्षा पर उसके प्रभाव को लेकर एक प्रस्ताव पेश किया गया। खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के मंत्री लाल चंद कटारूचक द्वारा सदन में पेश किए गए इस प्रस्ताव पर गुरुवार (कल) विस्तृत चर्चा की जाएगी।

प्रस्ताव पेश किए जाने के दौरान सदन में काफी हंगामा भी हुआ, जिसमें सदस्यों ने एलपीजी की बढ़ती कमी और इस स्थिति के गंभीर आर्थिक प्रभावों को लेकर चिंताएँ व्यक्त कीं। स्पीकर ने कहा कि प्रस्ताव औपचारिक रूप से पेश कर दिया गया है और इस पर कल खुलकर चर्चा होगी। सदस्यों ने जोर देकर कहा कि सदन इस मामले में तुरंत कार्रवाई की मांग करता है, क्योंकि एलपीजी की कमी की रिपोर्टों ने पंजाब भर के उपभोक्ताओं, रेस्तरां, ढाबों और छोटे व्यापारियों में बेचैनी पैदा करनी शुरू कर दी है। प्रस्ताव पेश करते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के



मंत्री लाल चंद कटारूचक ने कहा कि सदन केंद्र सरकार की असफल विदेश नीति और असंतुलित ऊर्जा नीति के कारण देश में उत्पन्न स्थिति पर अपनी गहरी चिंता और नाराजगी दर्ज करता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की असफल विदेश नीति और असंतुलित ऊर्जा नीति के कारण देश भर में ऊर्जा संकट की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत में मौजूदा हालात केवल अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों का परिणाम नहीं हैं, बल्कि यह कमजोर, असंतुलित और दिशाहीन विदेश नीति का भी नतीजा हैं।

कैबिनेट मंत्री ने चेतावनी दी कि देश की ऊर्जा सुरक्षा अब गंभीर खतरे का सामना कर रही है और देश के विभिन्न हिस्सों से एलपीजी की कमी की चिंताजनक रिपोर्टें सामने आ रही हैं।

# रसोई गैस आपूर्ति में दिक्कत पर केंद्र को कदम उठाने चाहिए : संधवान

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 11 मार्च।** मिडिल ईस्ट में तनाव के चलते अब भारत के लोगों में एलपीजी गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। इसी कारण पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवान ने रसोई गैस की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों को लेकर केंद्र सरकार द्वारा कदम उठाने की मांग की।

एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि रसोई गैस की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन इस समय स्थिति गंभीर होती नजर आ रही है।

उन्होंने कहा कि देश के कई राज्यों में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

चंडीगढ़ में भी कमर्शियल सिलेंडरों की बुकिंग में दिक्कतें सामने आ रही हैं, जिससे होटल, ढाबों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को परेशानी हो सकती है।

संधवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आगे आकर देशवासियों को इस स्थिति के बारे में स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर पंजाब विधानसभा में एक प्रस्ताव भी लाया गया है, ताकि केंद्र सरकार का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को जनता की परेशानियों पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

साथ ही उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार इस स्थिति पर पूरी तरह नजर रखे हुए है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि गैस सिलेंडरों की किसी भी तरह की कालाबाजारी न हो।

# भगवंत मान सरकार ने युवाओं को 63,000 से अधिक सरकारी नौकरियां दीं : चीमा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 11 मार्च।** पंजाब विधानसभा ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026-27 का बजट तीन दिन की व्यापक बहस के बाद आज पारित कर दिया। सदन में चर्चा का समापन करते हुए वित्त मंत्री ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के पिछले चार वर्षों के कार्यों का विस्तृत खाका पेश किया और बहस के दौरान विभिन्न विधायकों द्वारा उठाए गए सवालों और सुझावों का जवाब दिया। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार-विरोधी सिद्धांतों और मुख्यमंत्री भगवंत मान के सक्षम नेतृत्व के तहत पैसे की चोरी के प्रति पंजाब सरकार की शून्य सहनशीलता नीति के कारण राजस्व में रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि हुई है। आबकारी राजस्व 20,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 53,000 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि जीएसटी संग्रह 61,000 करोड़ रुपये से दोगुना होकर



1,21,000 करोड़ रुपये हो गया है। इसके अलावा स्टांप और रजिस्ट्रेशन से होने वाला राजस्व 12,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 30,000 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के खजाने में यह क्रांतिकारी बदलाव कड़ी निगरानी और ईमानदार शासन के कारण संभव हुआ है। रोजगार सृजन और 'आप' सरकार की गारंटियों पर बात करते हुए हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि जब हमारी सरकार ने 2022 में अपनी कैबिनेट का पहला फैसला लिया था, तब हमने 30,000 सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था। आज हमने पंजाब के युवाओं को 63,000 से अधिक सरकारी नौकरियां प्रदान करके इस वादे से कहीं अधिक करके दिखाया है। इस ऐतिहासिक भर्ती अभियान ने राज्य से युवाओं के विदेश पलायन को रोकने में मदद की है और युवा पीढ़ी के लिए एक सकारात्मक माहौल तैयार किया है।

राज्य के कर्ज को लेकर विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने आगे कहा कि राज्य के वर्तमान फंड का 85 प्रतिशत हिस्सा पिछली सरकारों से विरासत में मिले बड़े कर्ज की अदायगी में इस्तेमाल किया जा रहा है। इस बोझ के बावजूद हमारी सरकार कर्ज-से-जीडीपी अनुपात को 48 प्रतिशत से घटाकर 45 प्रतिशत करने में सफल रही है और हमने पिछली सरकारों से विरासत में मिली 21,860 करोड़ रुपये की देनदारियों का भुगतान भी किया है। इसके साथ ही राज्य ने वित्तीय जिम्मेदारी और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम के तहत निर्धारित सीमाओं का सख्ती से पालन किया है और जरूरत से ज्यादा कर्ज लेने का सहारा नहीं लिया है। सिंकिंग फंड और गारंटी रिडेम्पशन तंत्र के माध्यम से अल्पकालिक नकदी प्रबंधन को कुशलता से संभाला गया है, जिससे राज्य कम ब्याज दरों का लाभ लेने में सक्षम हुआ है। भलाई पहलों के बारे में बोलते हुए वित्त मंत्री ने आगे कहा कि सरकार ने महिलाओं के लिए 1,000 रुपये की वित्तीय सहायता योजना को सफलतापूर्वक लागू किया है, जिससे पंजाब के लोगों से की गई सभी पाँच मुख्य गारंटियां पूरी हो गई हैं। राज्य सरकार की ओर से गन्ने के बकाये का एक भी रुपया लंबित नहीं है और जो 27 करोड़ रुपये का बकाया है, वह फगवाड़ा की एक निजी मिल का है। किसानों को उनकी फसल का बनता भुगतान सुनिश्चित करने के लिए इस मिल की संपत्तियां सरकार द्वारा पहले ही जब्त कर ली गई हैं। किसानों के लिए एकमुश्त निपटारा सुनिश्चित करने संबंधी विधायक राणा इंदर प्रताप के सुझाव के जवाब में हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान इसे सुचारू बनाने के लिए घाटे में चल रहे बैंकों को भारतीय रिजर्व बैंक से जोड़ने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रहे हैं।

### महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां बिल्कुल भी बर्दाश्त योग्य नहीं; कांग्रेसी विधायक सुखपाल सिंह खैहरा तुरंत माफी मांगें: हरपाल सिंह चीमा

पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने भुलथ से कांग्रेसी विधायक सुखपाल सिंह खैहरा द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर की गई अत्यंत अपमानजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा करते हुए उनसे बिना शर्त माफी मांगने की मांग की। वित्त मंत्री ने पंजाब विधानसभा के स्पीकर से भी अपील की कि यदि सुखपाल सिंह खैहरा अपनी भद्दी शब्दावली और असंसदीय भाषा के लिए सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, तो उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। सदन को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि सुखपाल सिंह खैहरा ने पंजाब की महिलाओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं और जब मैं उनकी टिप्पणियों पर आपत्ति जताने के लिए खड़ा हुआ तो उन्होंने मुझे 'बंधुआ मजदूर' कहकर मेरे ऊपर भी व्यक्तिगत हमला किया। उन्होंने कहा कि ऐसी शब्दावली किसी भी हाल में बर्दाश्त योग्य नहीं है और यह किसी विधायक को बिल्कुल भी शोभा नहीं देती। सदन के बाहर मीडिया को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कांग्रेसी विधायक द्वारा मजदूर समुदाय और महिलाओं के प्रति इस्तेमाल की गई भद्दी शब्दावली के संबंध में पूरी कांग्रेस पार्टी से भी अपने सदस्य के इस घटिया व्यवहार के लिए आधिकारिक तौर पर माफी मांगने की मांग की। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व अपने सदस्य के इस शर्मनाक व्यवहार की जिम्मेदारी ले।

# गैंगस्टरों ते वार का 50वां दिन: पंजाब पुलिस ने 550 स्थानों पर की छापेमारी, 207 गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 11 मार्च।** पंजाब पुलिस ने भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू की गई 'गैंगस्टरों ते वार' मुहिम के 50वें दिन आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के चिन्हित और मैप किए गए 550 ठिकानों पर छापेमारी की।

उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरों ते वार' अभियान पंजाब को गैंगस्टर-मुक्त राज्य बनाने के उद्देश्य से 20 जनवरी 2026 को गौरव यादव (डीजीपी, पंजाब) द्वारा शुरू किया गया था। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (ए जी टी एफ ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्यभर में विशेष अभियान चला रही हैं। अभियान के 50वें दिन पुलिस टीमों ने 207 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 2 हथियार बरामद किए। इसके साथ ही इस मुहिम की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 13,880 हो गई है। इसके अलावा 95 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई, जबकि 103 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने 5 भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया।

लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के माध्यम से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में गुप्त रूप से जानकारी दे सकते हैं तथा अपराध और आपराधिक गतिविधियों से संबंधित सूचनाएं साझा कर सकते हैं।

# सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से राज्यवासियों की भलाई : हरभजन

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 11 मार्च।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से राज्यवासियों की भलाई सुनिश्चित की जा रही है। यह बात आज पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने बजट संबंधी चर्चा में भाग लेते हुए कही।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने चुनाव से पहले किए गए वादे को पूरा करते हुए राज्य की महिलाओं को 1000 रुपये प्रति माह और अनुसूचित जाति की महिलाओं को 1500 रुपये प्रति माह देने का फैसला किया है। यह एक बड़ी सामाजिक क्रांति है, जो महिलाओं को



बराबरी का अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए 9300 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा का धन्यवाद करता हूं।

उन्होंने अपने जीवन की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंद लेकिन होनहार विद्यार्थी अपने जीवन के लक्ष्य हासिल करने में सफल हो जाते हैं। उन्होंने पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना को सफलतापूर्वक चलाने के लिए कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने जहां स्वास्थ्य क्रांति चलाकर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की हैं, वहीं शिक्षा क्रांति के माध्यम से पंजाब के सरकारी स्कूलों की दशा और दिशा बदल दी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को बेहतर अवसर देने के लिए खेल मैदान भी तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पंजाबवासियों को जो गारंटियां दी थीं, वे सभी पूरी कर दी गई हैं।

हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सत्ता संभालने के बाद राज्य में पिछली सरकारों द्वारा लगाए गए 21 टोल प्लाज़ा बंद कर दिए, जिससे राज्य के लोगों को प्रतिदिन 67 लाख रुपये से अधिक की बचत होने लगी है।

# इंडिया इंटरनेशनल डिस्प्यूट वीक हुआ संपन्न

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 11 मार्च।** इंडिया इंटरनेशनल डिस्प्यूट्स वीक आज चंडीगढ़ ज्यूडिशियल अकादमी में संपन्न हुआ, जिसके दौरान न्यायाधीशों, आर्बिट्रेशन प्रैक्टिशनरों और नीति विशेषज्ञों ने भारत में आर्बिट्रेशन और अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन (एडीआर) के भविष्य पर विचार-विमर्श किया। मुख्य भाषण देते हुए इंडिया काउंसिल ऑफ आर्बिट्रेशन के डायरेक्टर जनरल अरुण चावला ने इस बात पर जोर दिया कि भरोसेमंद विवाद निपटारा प्रणालियां निवेशकों के विश्वास और आर्थिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे सीमा पार व्यापार का विस्तार हो रहा है, संस्थागत आर्बिट्रेशन को मजबूत करना और तकनीक को अपनाना भारत के विवाद निपटारा इकोसिस्टम में विश्वास पैदा करने के लिए आवश्यक है। भारत में एडीआर प्रथाओं के विकास पर आयोजित पैनल चर्चा के दौरान नरेश मार्कंडा, शाश्वत बाजपेयी, दीपक जिंदल, अनिमेष आनंद बोरदोलोई, नीरज कोचर, हरीशंकर के सथीपालन, कर्नल नरेंद्र सिंह और जोनाथन रोड्रिग्स ने अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने व्यावसायिक विवादों को सुलझाने और विवादों के प्रभावी निपटारे तक पहुंच को बेहतर बनाने के लिए मेडिएशन, आर्बिट्रेशन और संस्थागत तंत्र के बढ़ते महत्व पर चर्चा की। एक अन्य पैनल के दौरान संस्थागत आर्बिट्रेशन बनाम एडहॉक आर्बिट्रेशन पर चर्चा की गई, जिसमें संज़ीव शर्मा, देवना अरोड़ा, देवथास सतीनाथन, ए. जे. जवाद, सिद्धेश प्रधान, उल्ला ग्लेसर, नवीन कुमार सिंह, साहिल नारंग और श्रुति सभरवाल ने अपने विचार साझा किए।

# अरविंद केजरीवाल के बयान के अनुसार माइनिंग सुधारों और पोटाश की खोज से पंजाब 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की आय उत्पन्न कर सकता है: बरिंदर कुमार गोयल

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 11 मार्च।** पंजाब के जल संसाधन एवं खनन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज पंजाब विधानसभा में बजट बहस में हिस्सा लेते हुए कहा कि केंद्र सरकार की बेरुखी के कारण राज्य को कई वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, इसके बावजूद ऐतिहासिक और जन-पक्षीय बजट पेश करने के लिए उन्होंने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की सराहना की।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 से अब तक 30,000 करोड़ रुपये का वार्षिक जीएसटी मुआवजा बंद होने के बावजूद जनता पर कोई नया टैक्स लगाए



बिना बजट प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को पंजाब के वैध फंड जारी करने में देरी के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं और केंद्र सरकार से वित्तीय सहयोग की कमी का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद बजट में समाज के हर वर्ग के लिए व्यापक कल्याणकारी पहल सुनिश्चित की गई हैं। माइनिंग से अनुमानित 20,000 करोड़ रुपये के राजस्व के मुद्दे पर बोलते हुए बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय कन्वीनर अरविंद केजरीवाल द्वारा पहले दिया गया बयान पंजाब में पोटाश खनिज भंडारों की अपार संभावनाओं पर आधारित था। उन्होंने बताया कि पोटाश एक महत्वपूर्ण खनिज है, जो वर्तमान समय में देशभर में कृषि उर्वरकों के लिए आयात किया जाता है। उन्होंने कहा कि पहले किए गए सर्वेक्षणों के दौरान पंजाब के कुछ हिस्सों में पोटाश के भंडारों की मौजूदगी के संकेत मिले थे, लेकिन पिछली सरकारों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया हालांकि मान सरकार ने इस मुद्दे को केंद्र सरकार और केंद्रीय एजेंसियों के समक्ष उठाया। हमारे लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप 19.3 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से लगभग 48 किलोमीटर क्षेत्र को कवर करते हुए ज़िला फाजिल्का के गांव कबरवाला में नए खोज कार्य शुरू किए गए हैं।

बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि खनिज की खोज और नीलामी के अधिकार केंद्र सरकार के पास हैं, जबकि खनिज निकालने से मिलने वाली रॉयल्टी राज्य सरकार को प्राप्त होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एक बार खोज कार्य पूरा होने और खनन शुरू होने के बाद राज्य को रॉयल्टी के रूप में पर्याप्त आय प्राप्त हो सकती है, जो 20,000 करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है। इससे आयातित उर्वरक खनिजों पर देश की निर्भरता भी कम होगी।

खनन विभाग के संबंध में उठाए गए मुद्दों के जवाब में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अवैध माइनिंग के आरोप बार-बार राजनीतिक प्रेरणा से लगाए जाते हैं और अक्सर माइनिंग कार्यों तथा नदियों से गाद निकालने के बीच अंतर को समझे बिना लगाए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि पहले जब बाढ़ आती थी तो शिकायत की जाती थी कि गाद नहीं निकाली जाती और नदियों की सफाई नहीं होती। लेकिन अब जब सरकार ने नदियों की सफाई शुरू कर दी है तो इस गतिविधि को ग़लत तरीके से अवैध माइनिंग करार दिया जा रहा है।

# मोहिंदर भगत बोले- पंजाब का बजट हर वर्ग की भलाई और सर्वपक्षीय विकास सुनिश्चित करेगा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 11 मार्च।** पंजाब के बागवानी, स्वतंत्रता सेनानी एवं रक्षा सेवाएं कल्याण मंत्री मोहिंदर भगत ने आज पंजाब विधानसभा में बजट पर बोलते हुए कहा कि पंजाब सरकार द्वारा पेश किया गया मौजूदा बजट हर वर्ग की भलाई और राज्य के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट आम लोगों, गरीब वर्ग और मजदूरों की भलाई को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में तैयार किया गया यह बजट पंजाब के सर्वांगीण विकास को समर्पित है। उन्होंने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा



द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए कहा कि 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पेश किया गया यह बजट महिलाओं को समर्पित है और समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए तैयार किया गया है।

श्री भगत ने कहा कि पंजाब की अर्थव्यवस्था में कृषि और बागवानी क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि पहली बार बागवानी क्षेत्र के विकास के लिए करीब 1300 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट मंजूर किया गया है, जिससे पंजाब में बागवानी को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि मान सरकार द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी क्रांतिकारी सुधार किए गए हैं। सरकारी स्कूलों को स्मार्ट स्कूलों में बदला गया है और विद्यार्थियों को मुफ्त किताबें, वर्दियां और आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इसी तरह राज्य के लोगों को मुफ्त और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मोहल्ला क्लीनिक बनाए गए हैं, जहां लोगों को मुफ्त दवाइयां और अनुभवी डॉक्टरों की सेवाएं मिल रही हैं।

## एक नजर

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन

**रादौर.** शहर के मुकंदलाल नेशनल कॉलेज की ओर से बुधवार को 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। कार्यक्रम में नेपाल राणा ने एनएसएस स्वयंसेवकों को विकसित और विकासशील देशों के बीच का अंतर समझते हुए कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनना चाहिए। समाज की समस्याओं को पहचान कर उनके समाधान के लिए कदम उठाने चाहिए। उन्होंने युवाओं को संगठित जीवनशैली अपनाने और हर कार्य को योजना के साथ करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को समझने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया। आज के समय में बेटियों का शिक्षित होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी संपत्ति है जिससे कोई भी बांट नहीं सकता और यह हमेशा व्यक्ति के साथ रहती है उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को शुन्य से शिखर तक पहुंचाने की शक्ति रखती है और एक शिक्षित युवा ही समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओ, सुपरवाइजर वंदना ने भी स्वयंसेवकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना, खेलकूद प्रतियोगिता, बेस्ट मदर पुरस्कार जैसी प्रतियोगिताओं की जानकारी दी तथा प्रत्येक ब्लॉक में आंगनवाड़ी क्रेच की सुविधा के बारे में भी बताया। उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत, सीएनसीपी, बाल श्रम और बाल भिक्षावृति के प्रति भी जागरुक करते हुए इन सामाजिक समस्याओं को समाप्त करने का संदेश दिया। स्वयंसेवकों ने गांव में एक जागरूकता रैली भी निकाली जिसमें ग्रामीणों को स्वस्थ एवं चिकित्सा शिविर के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर कृष्णा देवी, कॉलेज की प्राचार्य डॉ माला शर्मा, एनएसएस इंचार्ज नवीन भारद्वाज, पिंकी रानी आदि मौजूद रहे।

### तंबाकू सेवन न करने की दिलवाई शपथ

**रादौर.** शहर के ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को एनएसएस व एंटी तंबाकू कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में तंबाकू सेवन न करने के संबंध में एक ओथ दिलवाई गई। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एसके सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। संयोजक सहायक प्रो. ऋतु नरवाल ने ओथ के माध्यम से छात्र-छात्राओं को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों बारे अवगत करवाया और सभी छात्रों को अपने जीवन में तंबाकू का सेवन न करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ राजेंद्र कुमार, प्रो. सतपाल, प्रो. संजीव गांधी, प्रो. नरेश कुमार, सहायक प्रो. कुलदीप सिंह, सहायक प्रो. दीपक, सहायक प्रो. गौरव सैनी, सहायक प्रो. मंगल सिंह, सहायक प्रो. शमा, सहायक प्रो.ऋतु बेनीवाल, डॉ. रामा स्वामी, सुनीता, डॉ. नैंसी, राजीव कुमार, मुकेश कुमार आदि उपस्थित रही।

### गेटवे संस्थान ने शिविर के माध्यम से अधिकारों एवं कर्तव्य जी जानकारी दी

**सोनीपत.** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत गेटवे शिक्षण संस्थान सोनीपत में दूसरे दिन के दौरान शिविर में कानूनी जागरुकता शिविर के माध्यम से अधिकारों एवं कर्तव्य को लेकर स्वयं सेवकों को जमीनी स्तर पर सहयोग सुधार समाधान एवं जागरुकता हेतु मदद करते हुए अपना कर्तव्य निभाने पर ध्यान देने के साथ साथ बुनियादी जरूरतों में सुधार लाने के लिए हमें आगे आना होगा. तभी हम अपने परिवार एवं समाज को सुरक्षित वातावरण प्रदान कर सकते हैं द्ध सायंकाल वाले सत्र में यातायात नियमों की जानकारी एवं सड़क दुर्घटना में रोकथाम, सड़कों पर जाम से मुक्ति, सड़कों का अतिक्रमण, इत्यादि विषय पर गंभीरता पूर्वक विचारों द्वारा वर्कशॉप में सकारात्मक रूप से सभी अतिथियों एवं अधिकारियों द्वारा सड़क सुरक्षा में सुधार हेतु प्रयास किया जाने की शपथ दिलाई गई द्ध इस अवसर पर संदीप बत्रा, राजीव कुमार, आशीष गोयल एवं अन्य अधिकारी वर्ग उपस्थित रहे.

### एक व्यक्ति पर हवाई फायरिंग, मामला दर्ज

**कालांवाली** गांव बनवाला में ट्रैक्टर सवार एक व्यक्ति ने देर रात गाड़ी सवार कुछ लोगों पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। शिकायत कर्ता सुभाष ने बताया कि गत दिवस गांव के ही एक व्यक्ति ने फोन कर गालियां दी थी। इसके बाद गांव के कुछ मौजिज व्यक्तियों के हस्तक्षेप के बाद राजीनामा करवा दिया। इसके बाद देर सायं एक व्यक्ति का फोन आया कि वे इस राजीनामें को नहीं मानते। शिकायत कर्ता का आरोप है कि जब वह रात को करीब साढे 9 बजे ट्रैक्टर लेकर पानी की बारी लगाने जा रहा था तो रास्ते में तीन-चार लोग कार में बैठे थे। उनमें से एक व्यक्ति ने तीन हवाई फायर किए जिसके बाद उसने भाग कर अपनी जान बचाई। जांच अधिकारी एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर एक नामजद दीपक कुमार व 2-3 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### शुभ सालाना दीवान व भंडारा आज

**कालांवाली.** श्री सर्वसांझा पीरखाना ट्रस्ट ओढ़ा द्वारा आयोजित शुभ सालाना दीवान व भंडारा 12 मार्च दिन वीरवार को कालांवाली रोड पर धूमधाम व श्रद्धा से मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए पीरखाना के गद्दीनशीन बाबा भगवानदास गर्ग ने बताया कि इस सालाना दीवान में हरियाणा व पंजाब से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। 12 मार्च की शाम को 7ः15 बजे चिराग ए रोशन किए जाएंगे और बाबा जी की दरगाह पर चादर चढ़ाई जाएगी। उसके बाद बाबा जी का अटूट लंगर वरताया जाएगा और 8ः15 बजे दिवान शुरू हो जाएगा। दिवान में रात को पंजाब के प्रसिद्ध भजन कलाकार लखदाता पीर व मीरा साहिब जी का गुणगान करेंगें। सर्वसांझा पीरखाना ओढ़ा के सेवादार बंटी गोयल ने बताया कि गद्दीनशीन बाबा जी की देखरेख में शुभ दीवान की तैयारियां जोर शोर के साथ जारी है और पीरखाना की लड़ियों व झण्डियों से सुंदर सजावट की जा रही है। वीरवार को सारा दिन देसी घी का प्रसाद व चाय का लंगर चलेगा।

### अपने बैंक खाते को किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ सांझा न करें : सुभाष अरोड़ा

**कालांवाली.** गांव घुकांवाली में हरियाणा ग्रामीण बैंक शाखा ओढ़ा के सहयोग से एक वितीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर ग्रामीण बैंक के वितीय सलाहकार सुभाष अरोड़ा ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को बढ़ते साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि अपने बैंक खाते को किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ सांझा न करें। उन्होंने अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी/बैंक विवरण सांझा न करने, %डिजिटल अरेस्ट% व फर्जी ऐप से बचने की सलाह दी। उन्होंने आगे बताया कि कोई बैंक अधिकारी कभी भी फोन पर पासवर्ड, ओटीपी या पिन नहीं मांगते हैं। अगर कोई संदिग्ध लिंकः व्हाट्सएप, एसएमएस या ईमेल आए तो लिंक पर क्लिक न करें और तुरन्त बेंक अधिकारी से संपर्क करें। शाखा प्रबंधक देवाशीष बिश्नोई ने गांववासियों को ऋण एवं जमा योजनाओं की जानकारी देते हुए कृषि, पशुपालन, ट्रैक्टर और लघु उद्योगों के लिए सुलभ ऋण बारे विस्तार से बताया। अंत में गांव के सरपंच प्रतिनिधि बलजीत सिंह ने बैंक अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए आग्रह किया कि इस प्रकार के जागरूक शिविर गांव में समय समय पर आयोजित करते रहें ताकि गांववासी बैंक सुविधाओं का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि बलजीत सिंह बैंक मित्र बलजिंदर सिंह, किसान बाबु सिंह, हरभजन सिंह, महंगा सिंह, जगरूप सिंह, रमेश कुमार, निर्मल सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# हरियाणा-कनाडा सहयोग को मिलेगा नया आयामः सीएम सैनी

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इंडो-कनाडा चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल से की बैठक
- एआई, स्मार्ट गवर्नेंस, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा
- शिक्षा, कौशल विकास और संयुक्त डिग्री कार्यक्रमों में साझेदारी की संभावना



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को अपने आवास संत कबीर कुटीर में इंडो-कनाडा चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास्तव के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में हरियाणा और कनाडा के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा कनाडा के साथ बढ़ते सहयोग को महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में वे देश और क्षेत्र तेजी से प्रगति कर रहे हैं, जो ज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी आधारित साझेदारियां स्थापित कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार प्रशासन को अधिक पारदर्शी, कुशल और नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए डिजिटल और एआई आधारित समाधानों को बढ़ावा दे रही है। एआई, स्मार्ट गवर्नेंस, स्वास्थ्य सेवाओं और कृषि क्षेत्र में कनाडा के साथ सहयोग से शासन और जनसेवा वितरण को और सशक्त बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने शिक्षा और कौशल विकास के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। कनाडा की एप्लाइड लर्निंग, पॉलिटेक्निक शिक्षा और सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण प्रणाली अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हैं, जिनसे हरियाणा के युवाओं को लाभ मिल सकता है। पर्यटन क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन प्रबंधन में कनाडा का अनुभव हरियाणा के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को श्रीमद्भगवद्गीता की प्रति भेंट की, जबकि प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें कनाडा आने का निमंत्रण भी दिया। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, विदेश सहयोग विभाग की प्रधान सचिव अमनीत पी. कुमार, मुख्यमंत्री के सलाहकार (विदेश सहयोग) पवन कुमार चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### हरियाणा निरंतर नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर

कृषि और एग्री-टेक के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रिसिजन फार्मिंग, पोस्ट-हार्वेस्ट मैनेजमेंट, फूड प्रोसेसिंग और कोल्ड-चेन इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में सहयोग से हरियाणा के किसानों की उत्पादकता और आय दोनों को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप, नवाचार और तकनीकी उद्यमिता भी परस्पर सहयोग के लिए एक बड़ा क्षेत्र है। हरियाणा निरंतर नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है और कनाडा का वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित टेक स्टार्टअप इकोसिस्टम राज्य के प्रयासों को और मजबूती प्रदान कर सकता है। इन्क्यूबेशन सपोर्ट, अनुसंधान सहयोग, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और उद्यमिता कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों प्रांतों के युवाओं और उद्यमियों को नए अवसर मिल सकते हैं।

# पीएम श्री स्कूलों को गोद लेंगे एचसीएस अधिकारी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** हरियाणा में कार्यरत एचसीएस कैडर के अधिकारी अब पीएम श्री स्कूलों को गोद लेंगे। एक अधिकारी के लिए कम से कम एक स्कूल को गोद लेना अनिवार्य होगा। हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बुधवार को पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) योजना की बैठक लेते हुए यह जानकारी दी।

कोई अधिकारी अगर एक से अधिक स्कूल की निगरानी कर सकेगा तो उसके लिए भी इनकार नहीं किया जाएगा।

प्रदेश में योजना के विभिन्न चरणों के तहत कुल 250 पीएम श्री स्कूलों का चयन किया गया है। प्रथम चरण में 124 जबकि दूसरे चरण में 111 स्कूलों को शामिल किया गया। तीसरे चरण में 6 और पांचवें चरण में 9 स्कूलों का चयन किया गया। इस तरह योजना के माध्यम से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों को व्यापक रूप से शामिल किया गया है। राज्य के 143 विकास खंडों में से 137 खंडों को इस योजना के अंतर्गत कवर किया जा चुका है। इस योजना के लिए वर्ष 2025-26 हेतु 191.69 करोड़ रुपये का अनुमोदित बजट है, जिसमें से 95.87 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और अब तक 29.78 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पीएम श्री स्कूल को बुनियादी ढांचे की मजबूती के लिए दो साल तक 2 करोड़ की राशि दी जाएगी। केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली इस राशि में 21 प्रमुख घटक कवर होंगे, जिनका उद्देश्य सरकारी स्कूलों को आधुनिक शिक्षा केंद्रों के तौर पर विकसित करना है।

इन स्कूलों की बुनियादी तथा शैक्षणिक जरूरतों का आकलन करने और कार्यों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्तों और अतिरिक्त उपायुक्तों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों का गठन किया जाए। अनुराग रस्तोगी ने कहा कि इन स्कूलों में सभी शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पद प्राथमिकता आधार पर भरे जाएं। उन्होंने कहा कि पीएम श्री पहल सरकारी स्कूलों को आदर्श संस्थानों में बदलने और पूरे राज्य में शिक्षा की समग्र गुणवत्ता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मुख्य सचिव ने कहा कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य के तीन पीएम श्री स्कूलों और तीन मॉडल संस्कृति स्कूलों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान शैक्षणिक उत्कृष्टता, अवसंरचना विकास तथा नवाचार पूर्ण शिक्षण पद्धतियों में उल्लेखनीय उपलब्धियों के आधार पर दिया जाएगा। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि जिला और मंडल स्तर पर रचनात्मक तथा चयन समितियों का गठन किया जाए, जो स्कूलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर सर्वश्रेष्ठ संस्थानों का चयन करें।

### सफीदों फैक्टरी में लगी भीषण आग के मामले में असल फैक्टरी मालिक गिरफ्तार

**सफीदों।** पुलिस अधीक्षक जींद श्री कुलदीप सिंह भा.पु.से. के कुशल दिशा-निर्देशन में थाना शहर सफीदों ने सफीदों पटाखा फैक्टरी में लगी भीषण आग के मामले में कार्रवाई करते हुए एक ओर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कि है । गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान रोशनलाल वासी बहादुरपुर के रूप में हुई है । थाना शहर सफीदों के प्रबंधक अफसर पूर्ण दास ने जानकारी देते हुए बताया कि सफीदों फैक्टरी में लगी आगजनी मामले में फैक्टरी के असल मालिक रोशनलाल वासी बहादुरपुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कि है इस मामले दो आरोपी राकेश उर्फ राजु व रामकरण वासियान सफीदों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है दोनो आरोपी पहले से पुलिस रिमाण्ड पर चल रहे है । इस मामले में अब तक कुल 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा अब तक कुल 9 महिलाओं कि ईलाज के दौरान मौत हो चुकी है तथा अन्य घायलों का ईलाज विभिन्न हस्पतालों में चल रहा है तथा तीनों आरोपियों को माननीय अदालत में पेश करके जिला जेल भेज दिया गया है।

आगजनी कि इस घटना के संबंध में उपायुक्त जींद मोहम्मद इमरान रज़ा भा.प्र.से तथा पुलिस अधीक्षक जींद श्री कुलदीप सिंह भा.पु.से. ने भी दिनांक 10.03.2026 को पीजीआईएमएस रोहतक पहुंचकर ट्रामा सैंटर व अन्य वार्ड में दाखिल घायल मरीजों का हालचाल जाना।

### मुँह अंधेरे माथा टेकने वालों की उमड़ी भीड़

**कालांवाली.** शीतला सप्तमी के पावन अवसर पर गौशाला रोड पर स्थित श्री शीतला माता मन्दिर ओढ़ा में माथा टेकने के लिए मुँह अंधेरे 4 बजे महिलाओं व बच्चों की लाईने लग गई। महिलाओं ने मंदिर में ठंडा भोजन मीठी रोटी, चावल व गुलगले व लस्सी आदि का भोग लगाकर माथा टेका और परिवार की सुख-समृद्धि व आरोग्य की कामना करते हुए माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के पुजारी हरदेव पप्पी वर्मा ने माता रानी का इतिहास बतातें हुए कहा कि एक बार किसी गांव में गांववासी शीतला माता की पूजा-अर्चना कर रहे थे तो मां को गांववासियों ने गरिष्ठ भोजन प्रसाद स्वरूप चढ़ा दिया। शीतलता की प्रतिमूर्ति मां भवानी का गर्म भोजन से मुंह जल गया तो वे नाराज हो गईं और उन्होंने कोपदृष्टि से पुरे गांव में आग लगा दी। बस केवल एक बुढ़िया का घर सुरक्षित बचा हुआ था। गांववालों ने उस बुढ़िया से घर न जलने के बारे में पूछा तो उसने बताया कि मां शीतला को गरिष्ठ भोजन खिलाने वाली बात कही और कहा कि उन्होंने रात को ही भोजन बनाकर मां को भोग में ठंडा-बासी भोजन खिलाया। जिससे मां ने प्रसन्न होकर बुढ़िया दादी का घर जलने से बचा लिया। बुढिया की बात सुनकर गांववालों ने मां से क्षमा मांगी और रंगपंचमी के बाद आने वाली सप्तमी के दिन उन्हें बासी भोजन खिलाकर मां का बसौड़ा पूजन किया।

### फसल खरीद की तैयारियां समय रहते पूरी करें, किसानों को नहीं होनी चाहिए कोई परेशानीः उपायुक्त



**टोहाना.** टोहाना लघु सचिवालय सभागार में डीसी डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में उपमंडल टोहाना के सभी अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी फसल खरीद सीजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जाएं।

डीसी ने कहा कि मंडियों व खरीद केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मंडियों में पीने के पानी, शौचालय और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल खरीद के दौरान अतिरिक्त स्थान की व्यवस्था भी पहले से कर ली जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

डीसी ने निर्देश दिए कि फसल के उठान में किसानों को किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए और खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चले। डीसी ने कहा कि मंडियों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था हो तथा परिसर को साफ-सुथरा रखा जाए।

बैठक के दौरान डीसी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से उनके विभाग में चल रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली और विकास कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। डीसी ने अधिकारियों को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए।



# फैशन शो में नेहा ठाकुर व मनजोत रही विजेता

पंचकूला ऑब्जर्वर

**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल व फैशन डिजाइनिंग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में फैशन शो का आयोजन किया गया। जिसकी थीम पारंपरिक व इंडो वेस्टर्न रहीं। कार्यक्रम में समाजसेवी प्रवीन गोयल मुख्य अतिथि रहे। जबकि समाजसेवी सुंदर नारंग, अमन खेडा, डॉ तनीका खेडा, आकाश गोयल, रचना मंगला, नरेंद्र सिंह साही, डॉ हरप्रीत कौर, सूजाता सलूजा, मीतू सलूजा, गुरमीत चावला, सत्यम नागपाल व रोहताश चौहान विशिष्ट अतिथि रहे। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ सुरिंद्र कौर व फैशन डिजाइनिंग विभाग अध्यक्ष मंजीत कौर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। फैशन डिजाइनिंग विभाग की प्राध्यापिका निधि छाबड़ा व सोनिया शर्मा, कार्यक्रम को-ओडिनेटर रहीं। फैशन शो में दो आयु वर्ग की महिलाओं ने भाग लिया। जिसमें 20 से 35 व 35 से ऊपर की महिलाएं शामिल रहीं। फैशन शो के जरिए महिलाओं में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने पारंपरिक एवं इंडो-वेस्टर्न परिधानों में रैंप वॉक करते हुए अपनी संस्कृति, आत्मविश्वास व आधुनिकता का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल में वर्ष 2023 की मिस इंडिया महिमा जॉर्ज, तवनीत कौर व इंग्लिश जोन की डायरेक्टर हरमिंद्र सेठी शामिल रहीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में फैशन डिजाइनिंग विभाग की प्राध्यापिका साक्षी, प्रियांशी, अनुपम, शैली, अनू ने सहयोग दिया। 18 से 35 आयु वर्ग में नेहा ठाकुर विजेता रही। एकम को रनर अप का खिताब दिया गया। सृष्टि को स्टाइल आइकन के खिताब से नवाजा गया। मिस कांफिडेंट का खिताब मयंक को मिला। अडोरेबल ओरा का खिताब राशि को दिया गया। 35 से ऊपर की आयु वर्ग में मनजोत विजेता रही। सविता को रनर अप का खिताब दिया गया। मिलियन डॉलर स्माइल का खिताब डॉ इंदू को दिया गया। एटीट्यूड का खिताब वंदना सपरा को दिया गया। एलीगेंट का खिताब मीनू को दिया गया।

### हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक में 657.82 करोड़ के प्रोजेक्ट मंजूर

# यमुनानगर-पानीपत पावर प्लांट के लिए कोल सप्लाई व रखरखाव को हरी झंडी

- गुरुग्राम में बसई जलघर से सेक्टर-25 तक पाइपलाइन परियोजना को स्वीकृति
- फरीदाबाद में 41.84 करोड़ से 20 एमएलडी एसटीपी बनेगा




पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक में प्रदेश के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। बैठक में कुल 675.82 करोड़ रुपये के 15 एजेंडे रखे गए, जिन्हें नेगोसिएशन के बाद 657.82 करोड़ रुपये में स्वीकृत किया गया। इससे सरकार को लगभग 68.13 करोड़ रुपये की बचत हुई। बैठक में यमुनानगर और पानीपत थर्मल पावर प्लांट के लिए ऑटोमेटेड कोयला सप्लाई सिस्टम और रखरखाव से संबंधित प्रक्रिया को मंजूरी दी गई। इसके अलावा डीएचबीवीएनएल के लिए 220 केवी और 33/11 केवी बिजली ट्रांसफार्मर खरीदने की प्रक्रिया को भी अंतिम रूप दिया गया।

मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में बसई जलघर से सेक्टर-25 तक रेलवे लाइन नंबर-2 के नीचे से 1600 एमएम से 600 एमएम पाइपलाइन डालने के कार्य को मंजूरी दी। लगभग 55 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस पाइपलाइन का कार्य जल्द शुरू कर बरसात के मौसम से पहले पूरा करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बूस्टिंग स्टेशन सेक्टर-16 के लिए पाइपलाइन बिछाने के कार्य को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में गुरुग्राम में स्टॉर्म वाटर निकासी के लिए अशोक विहार से भीमगढ़ खेड़ी रेलवे कल्वर्ट नंबर-50 तक आरसीसी मास्टर ड्रेन बनाने को भी मंजूरी दी गई, जिस पर लगभग 17.60 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा फरीदाबाद में 41.84 करोड़ रुपये की लागत से 20 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाने की टेंडर प्रक्रिया भी पूरी की गई। मुख्यमंत्री ने महेन्द्रगढ़ के गांव धनोदा, फरीदाबाद के गांव नावदा और हिसार के गांव किरोड़ी में 400 केवी सब-स्टेशन स्थापित करने के कार्य को भी स्वीकृति दी। इन पर करीब 157 करोड़ रुपये की लागत से बिजली ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। जिन क्षेत्रों में बिजली का लोड अधिक है, वहां अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे।

इसके अलावा बावल में न्यायिक कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए भी टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई, जिस पर लगभग 18 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं कालांवाली एसटीपी से रोड़ी घग्गर ड्रेन में पानी डालने के कार्य को भी मंजूरी प्रदान की गई।

### अब प्रदेश के जिलों में होंगी कांग्रेस के जिला प्रधानों की बैठक

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने संगठन की मजबूती के लिए अब जिलों में बैठक करने का निर्णय लिया है। इस कड़ी में उन्होंने राज्य के सभी 33 जिला प्रधानों की बैठक गुरुवार को अंबाला शहर में बुलाई है। इस बैठक में जिलाध्यक्षों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा करने के साथ ही भविष्य की योजनाओं पर चर्चा होगी। हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह द्वारा ली जाने वाली जिला प्रधानों की इस बैठक में प्रदेश सह प्रभारी जितेंद्र बघेल और प्रफुल्ल गुडधे शामिल होंगे। राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर दो दिन तक चंडीगढ़ में रहने के बाद प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद दो दिनों के लिए वापस दिल्ली लौट गये हैं। जिलाध्यक्षों को बैठक में पिछले माह किए गए कार्यों, आंदोलन तथा जनहित के कार्यों का पूरा विवरण लाने को कहा गया है। बैठक में संगठन को अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए जिलाध्यक्षों के सुझाव लिए जाएंगे।

# मालाबार की चमक के पीछे का चेहरा एम. पी. अहमद को 'बिज़नेस भूषण' अवॉर्ड

वैश्विक ज्वेलरी रिटेल उद्योग में भारतीय पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले मालाबार ग्रुप के चेयरमैन एम. पी. अहमद को लोकमत महाराष्ट्रीयन ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स 2026 में प्रतिष्ठित 'बिज़नेस भूषण' सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों प्रदान किया गया। मुंबई के ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया पर आयोजित इस भव्य समारोह में राजनीति, उद्योग और मनोरंजन जगत की कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, लोकमत के चेयरमैन विजय दर्डा, कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी शख्सियतों ने भाग लिया। लोकमत मीडिया ग्रुप द्वारा आयोजित यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने अपने विज़न, नेतृत्व और उपलब्धियों से उद्योग और समाज दोनों को नई दिशा दी है। अहमद को यह सम्मान ज्वेलरी रिटेल सेक्टर में उनके अद्भुत नेतृत्व और वैश्विक स्तर पर भारतीय ब्रांड की पहचान मजबूत करने के लिए दिया गया। उनकी अगुवाई में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी ज्वेलरी रिटेल चेन और भारतीय मूल की सबसे बड़ी ज्वेलरी रिटेल कंपनी बन चुकी है। सम्मान प्राप्त करने के बाद एम. पी. अहमद ने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी नहीं बल्कि पूरे मालाबार परिवार और ग्राहकों के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा, लोकमत महाराष्ट्रीयन ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स में बिज़नेस भूषण सम्मान प्राप्त करना मेरे लिए बेहद गर्व की बात है। यह हमारे पूरे मालाबार परिवार की मेहनत और ग्राहकों के भरोसे का परिणाम है। हमारा लक्ष्य हमेशा जिम्मेदारी, ईमानदारी और समाज के लिए स्थायी मूल्य निर्माण के साथ आगे बढ़ना रहा है। महाराष्ट्र, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के विस्तार का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। वर्तमान में कंपनी के मुंबई, पुणे, नागपुर और नासिक जैसे प्रमुख शहरों में 34 शो-रूम संचालित हो रहे हैं। इस विस्तार से न केवल संगठित ज्वेलरी रिटेल सेक्टर को मजबूती मिली है बल्कि हजारों लोगों को रोजगार भी मिला है। कंपनी की योजना 2029 तक महाराष्ट्र में अपने स्टोर्स की संख्या 64 तक पहुंचाने की है। एम. पी. अहमद की पहचान केवल एक सफल उद्यमी के रूप में ही नहीं बल्कि समाज के प्रति प्रतिबद्ध उद्योगपति के रूप में भी है। मालाबार ग्रुप अपनी स्थापना के समय से ही कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी और ईएसजी सिद्धांतों पर जोर देता आया है। ग्रुप हर वर्ष अपने मुनाफे का 5 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास सहायता और महिला सशक्तिकरण जैसे सामाजिक कार्यक्रमों में खर्च करता है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में हजारों लोगों को लाभ मिल रहा है। एम. पी. अहमद को मिला बिज़नेस भूषण अवॉर्ड उनके दूरदर्शी नेतृत्व, मजबूत कारोबारी मूल्यों और समाज के प्रति समर्पण की पहचान है। उनकी सफलता की कहानी आज उभरते उद्यमियों के लिए प्रेरणा बन चुकी है।




# कुवैत छोड़ते वक्त रो पड़ीं उर्वशी रौतेला



कभी रेड कार्पेट पर अपने ग्लैमरस अंदाज़ से सुर्खियाँ बटोरने वाली अभिनेत्री उर्वशी रौतेला हाल ही में एक बेहद भावुक पल में नजर आईं। कुवैत एयरपोर्ट से रवाना होते समय उनकी आंखों में आंसू थे और चेहरा चिंता से भरा हुआ। यह दृश्य उस समय सामने आया जब क्षेत्र में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और सुरक्षा हालात ने कई लोगों को अचानक देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया। सूत्रों के अनुसार उर्वशी एक पेशेवर कार्यक्रम के सिलसिले में कुवैत में मौजूद थीं, लेकिन जैसे ही क्षेत्र में हमलों और बढ़ते तनाव की खबरें सामने आने लगीं, सुरक्षा व्यवस्थाएं कड़ी कर दी गईं। एयरपोर्ट पर विदेशी नागरिकों की भीड़ बढ़ने लगी और कई लोग जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों की ओर रवाना होने लगे। इसी दौरान एयरपोर्ट पर उर्वशी रौतेला भी दिखाई दीं। फ्लाइट में सवार होने से पहले वह अपनी आंखों से आंसू पोंछती नजर आईं। आमतौर पर कैमरों के सामने आत्मविश्वास और ग्लैमर से भरी नजर आने वाली उर्वशी इस पल में बिल्कुल अलग दिखीं। एक ऐसी इंसान के रूप में जो अचानक पैदा हुई अनिश्चितता और तनाव से भावनात्मक रूप से प्रभावित थी। कुवैत से उनकी यह उड़ान सिर्फ एक यात्रा नहीं थी, बल्कि उस माहौल से दूर जाने का भावनात्मक क्षण भी था जो अचानक चिंता और अस्थिरता से भर गया था।

# 'वेल्ली' बनकर अदाह शर्मा ने बढ़ाया सस्पेंस

अपनी अलग अंदाज़ और दिलचस्प सोशल मीडिया पोस्ट के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री अदाह शर्मा ने एक बार फिर अपने नए इंस्टाग्राम वीडियो से फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है। इस मज़ेदार वीडियो में आदाह हल्के-फुल्के अंदाज़ में बताती हैं कि वह पिछले एक महीने से वेल्ली हैं। उनका यह बयान सुनकर फैंस पहले तो चौंक जाते हैं, लेकिन जल्द ही समझ आते ही मुस्कुराने लगते हैं। वीडियो में अदाह बताती हैं कि एक प्रोड्यूसर ने अपनी फिल्म की शूटिंग का शेड्यूल अचानक बदल दिया, जिसकी वजह से उनके कैलेंडर में खाली समय आ गया। इसी पर मज़ाक करते हुए वह खुद को वेल्ली कहती हैं यानी फिलहाल उनके पास काफी फ्री टाइम है। लेकिन वीडियो का असली मज़ा आखिर में आता है, जब अदाह एक छोटा सा ट्विस्ट जोड़ देती हैं। क्लिप के अंत में वह इशारा करती हैं कि वीडियो में एक छिपा हुआ क्लू मौजूद है और फैंस से पूछती हैं कि वे अंदाज़ा लगाएँ कि इस खाली समय में वह कौन-सी वेल्लीपंती कर रही हैं। यही रहस्य अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। कुछ ही घंटों में इस वीडियो को 4 मिलियन से ज्यादा व्यूज़ मिल चुके हैं और कमेंट सेक्शन में फैंस तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। अब सवाल यही है—क्या अदाह सच में सिर्फ वेल्ली हैं, या फिर यह उनके अगले बड़े प्रोजेक्ट का स्मार्ट टीज़र है?





# ग्लोबल स्क्रीन पर लौटेंगे दर्शील सफारी



बाल कलाकार के रूप में दुनिया भर में पहचान बनाने वाले अभिनेता दर्शील सफारी एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर वापसी करने जा रहे हैं। उन्होंने आधिकारिक तौर पर एक बहुप्रतीक्षित इंटरनेशनल क्रॉस-बॉर्डर फिल्म की कास्ट जॉइन कर ली है, जिसमें मोहित रैना और नेशनल अवॉर्ड विजेता अभिनेत्री प्रिया मणि भी नजर आएंगे। इस अभी तक बिना टाइटल वाली फिल्म को मुंबई की एज़्योर एंटरटेनमेंट (बदला, केसरी, रॉकी हैंडसम जैसी फिल्मों के निर्माता) और अमेरिका की रेड बाइसन प्रोडक्शन्स मिलकर ग्लोबल को-प्रोडक्शन के रूप में बना रहे हैं।

फिल्म की कहानी पहचान, जज़्बे और इंसानी रिश्तों की उन गहराइयों को तलाशती है जो सरहदों से भी आगे जाती हैं। तारे ज़मीन पर से अंतरराष्ट्रीय पहचान पाने वाले दर्शील के लिए यह प्रोजेक्ट उनके करियर का नया अध्याय माना जा रहा है। इंडस्ट्री सूत्रों के अनुसार उनका किरदार भावनात्मक रूप से जटिल और कहानी के केंद्र में बेहद अहम होगा। दिलचस्प बात यह है कि यह फिल्म पहली बार मोहित रैना और प्रिया मणि को एक साथ स्क्रीन पर लाएगी। तीनों कलाकारों की अलग-अलग अभिनय शैलियों का संगम इस प्रोजेक्ट को और खास बनाता है।

फिल्म का लेखन और निर्देशन हर्ष महादेश्वर कर रहे हैं। फिलहाल यह प्रोजेक्ट एडवांस प्री-प्रोडक्शन में है और इसकी मुख्य शूटिंग इसी साल के अंत में शुरू होने की योजना है। भारत और अमेरिका की टीम मिलकर इसे एक प्रीमियम इंटरनेशनल रिलीज़ के रूप में पेश करने की तैयारी कर रही है।



## आर्चना कोचर के आउटफिट में मधुरिमा तुली का स्टाइलिश अवतार

ग्लैमर, स्टाइल और आत्मविश्वास से भरी शाम में अभिनेत्री मधुरिमा तुली ने एक बार फिर फैशन की दुनिया में अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराई। प्रतिष्ठित कोलकाता टाइम्स फैशन शोकेस में मशहूर फैशन डिज़ाइनर अर्चना कोचर के लिए शोस्टॉपर बनकर माधुरिमा ने रैंप पर ऐसा जादू बिखेरा कि दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए। उनकी शानदार एंट्री और आत्मविश्वास से भरी रैंप वॉक ने पूरे शो को यादगार बना दिया। आर्चना कोचर द्वारा डिज़ाइन किए गए खूबसूरत परिधान में माधुरिमा बेहद आकर्षक नजर आईं। आउटफिट की बारीक कारीगरी और माधुरिमा की ग्रेसफुल प्रस्तुति ने डिज़ाइनर की सिग्नेचर स्टाइल को शानदार ढंग से पेश किया। जब उन्होंने रैंप पर कदम रखा, तो उनकी एलिगेंस और आत्मविश्वास ने तुरंत सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। शो के समापन के दौरान मधुरिमा की वॉक ने पूरे माहौल में ग्लैमर का खास तड़का लगा दिया। दर्शकों और फैशन प्रेमियों ने उनके लुक और स्टाइल की खूब सराहना की। पिछले कुछ वर्षों में माधुरिमा तुली ने फिल्मों और टेलीविजन के साथ-साथ फैशन की दुनिया में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी एलिगेंट पर्सनैलिटी और बेहतरीन स्टाइल सेंस उन्हें फैशन इवेंट्स का पसंदीदा चेहरा बनाते हैं। यही वजह है कि कोलकाता टाइम्स फैशन शोकेस में उनका शोस्टॉपर बनना इस शाम की सबसे खास झलकियों में शामिल रहा।




# मेनोपॉज के दौरान शरीर में होते हैं कई बदलाव

महिलाओं के जीवन में मेनोपॉज एक ऐसा समय होता है, जिसे अक्सर लोग बदलाव के दौर के रूप में देखते हैं। आमतौर पर यह 45 से 55 वर्ष की उम्र में आता है, जब शरीर में हार्मोनल बदलाव शुरू हो जाते हैं और पीरियड्स लगातार 12 महीने तक नहीं होते। हालांकि, यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन इसके प्रभाव शरीर और मन दोनों पर देखे जा सकते हैं, इसलिए इस बदलाव को समझना बेहद जरूरी है। मेनोपॉज के दौरान सबसे बड़ा बदलाव हार्मोनल होता है। शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन हार्मोन का स्तर धीरे-धीरे कम हो जाता है। यह बदलाव केवल मासिक चक्र को बंद करने तक सीमित नहीं रहता। हार्मोन की कमी से मूड में उतार-चढ़ाव, चिड़चिड़ापन और नींद की समस्याएं आम हो जाती हैं। कई महिलाओं को रात में नींद ठीक से नहीं आती या वे जल्दी जाग जाती हैं। आयुर्वेद में इसे वात दोष के असंतुलन से जोड़ा गया है, और इसे नियंत्रित करने के लिए गर्म और पोषक आहार के साथ मेडिटेशन और एक्सरसाइज की सलाह दी जाती है। एस्ट्रोजन का प्रभाव हड्डियों और हृदय से जुड़ा है। यह हार्मोन हड्डियों की मजबूती बनाए रखने में मदद करता है। मेनोपॉज के बाद एस्ट्रोजन की कमी के कारण बोन डेंसिटी कम होने लगती है। इससे महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस और फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है। हृदय पर भी इसका प्रभाव पड़ता है, क्योंकि एस्ट्रोजन हृदय और रक्त वाहिकाओं को सुरक्षित रखने में मदद करता है। इसकी कमी से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल पर नियंत्रण कम हो जाता है और हृदय रोगों का जोखिम बढ़ सकता है, इसलिए विशेषज्ञ हमेशा संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर हेल्थ चेकअप की सलाह देते हैं। त्वचा और बाल भी मेनोपॉज के दौरान प्रभावित होते हैं। एस्ट्रोजन की कमी से कोलेजन प्रोटीन कम बनने लगता है, जिससे त्वचा पतली और रूखी महसूस होती है। बालों का झड़ना बढ़ सकता है और उनकी चमक कम हो जाती है। आयुर्वेद में इसके लिए तिल, अलसी, मेथी और हरी सब्जियों जैसे पोषक तत्वों को आहार में शामिल करने की सलाह दी जाती है। ये न सिर्फ त्वचा और बालों को पोषण देते हैं, बल्कि हड्डियों और हृदय के लिए भी लाभकारी होते हैं।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com